	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व अपील संख्या 04/2021 अनवान भवानीशंकर बनाम ग्राम पंचायत विशाला आगौर व अन्य	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान ग्राम पंचायत मुख्यालय विशाला आगौर पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 15.12.2021 को ग्राम पंचायत मुख्यालय विशाला आगौर, राजीव गांधी सेवा केन्द्र विशाला आगौर पर पेश हो। **उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर,**	
15.12.2021	यह पत्रावली आज बमुकाम विशाला आगौर, राजीव गांधी सेवा केन्द्र विशाला आगौर प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 में पेश हुई। प्रार्थीगण उपस्थितएवं अप्रार्थीगण अनुपस्थित। अप्रार्थीगण के नॉटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। प्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना पत्र शिविर प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि राजस्व अपील संख्या 05/2021 में मैने मेरा नाम संशोधन हेतु प्रकरण पेश किया। ग्राम सेजुओं की ढ़ाणी में मैने अपनी भूमि का बेचान कर दिया है। अभी इसकी आवश्यकता नही है। तथा ग्राम विशाला आगौर के खसरा नंबर 25 व ग्राम आदर्श बस्ती विशाला के खसरा नंबर 1098/948, 1100/948 में मेरा नाम प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 कैम्प विशाला आगौर में संशोधन करवा लिया है। अब में इस आवेदन (अपील) का आगे चलाना नही चाहता हूँ। अतः प्रकरण निरस्त करावें। अतः प्रार्थी भवानीशंकर द्वारा दिनांक 15.12.2021 को ग्राम पंचायत विशाला आगौर मे आयोजित शिविर मे प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को जरिये विड्रो खारिज किया जाता है। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश मजमे आम मे सुनाया गया। **उपखण्ड अधिकारी बाड़मेर,**	